रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4

PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 195] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 12, 2012/भाद्र 21, 1934

No. 195] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 12, 2012/BHADRA 21, 1934

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

अधिसूचना

बिलासपुर, 11 सितम्बर, 2012

सं. 144/कु.स./2012.—परिनियम 11 में संशोधन

क्र.	वर्तमान परिनियम	संशोधित
(1)	(2)	(3)
1	11. कार्य परिषद् की बैठक के लिए कार्य परिषद् के 07 सदस्यों से गणपूर्ति होगी	11(1) कार्य परिषद में निम्नलिखित सदस्य होंगे – (i) कुलपति; (ii) सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार या उसका नामित प्रतिनिधि, (iii) अध्यक्ष, यूजीसी या उसका प्रतिनिधि, जो संयुक्त सचिव के पद से निम्न पद का न हो; (iv) राज्य शासन के मुख्य सचिव या उसका प्रतिनिधि, प्राथमिकता में उच्च शिक्षा के मामले से संबंधित, जो सचिव के पद से निम्न पद का न हो (v) सम–कुलपति; (vi) अध्ययनशालाओं के अधिष्ठाताओं में से दो सदस्य, जो कुलपति द्वारा नामित हो; (vii) कुलपति द्वारा नामित एक प्रोफेसर, जो अधिष्ठाता न हो; (viii) कुलपति द्वारा नामित एक सह--प्रोफेसर; (ix) कुलपति द्वारा नामित एक सहायक प्रोफेसर;

(x) कुलाध्यक्ष (विजिटर) द्वारा नामित विश्वविद्यालय सभा (कोर्ट) के दो सदस्य, जिनमें से कोई भी विश्वविद्यालय या विश्वविद्यालय से संबद्ध या मान्यता प्राप्त संस्था का छात्र या कर्मचारी न हो;

(xi) कुलाध्यक्ष (विजिटर) द्वारा नामित 04 ऐसे व्यक्ति, जो शैक्षणिक एवं सार्वजनिक जीवन में ख्याति प्राप्त हो;

11(2) कुलपति, सम--कुलपति और अध्ययनशालाओं के अधिष्ठाताओं को छोडकर, शेष सभी सदस्य तीन साल की अवधि के लिए पद धारण करेंगे;

11(3) कार्य परिषद् के कुल सदस्यों के आधे से कार्यपरिषद् की बैठक के लिए गणपूर्ति होगी।

डॉ. एम.एस.के. खोखर, कुलसचिव (कार्यवाहक)

[विज्ञापन-III/4/69-जैडएन/12/असा.]

GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (C.G.)

NOTIFICATION

Bilaspur, the 11th September, 2012

No. 144/Registrar/2012.—Amendment in Statute 11

S.No.	Existing	Amended
(1)	(2)	(3)
1	11. Seven Members of the Executive Council shall form a quorum for a meeting of the Executive Council	11(1) The Executive Council shall consist of the following members namely :- (i) Vice-Chancellor; (ii) Secretary, Department of Higher Education, MHRD, GOI or his /her nominee; (iii) Chairman, UGC or his/ her nominee not below the rank of Joint Secretary; (iv) Chief Secretary of the State Govt. or his / her nominee not below the rank of Secretary preferably dealing with matters relating to Higher Education; (v) Pro-Vice-Chancellor; (vi) Two members from among Deans of Schools of Studies, to be appointed by the Vice-Chancellor; (vii) One Professor who is not a Dean, to be appointed by the Vice-Chancellor; (viii) One Associate Professor, to be appointed by the Vice-Chancellor; (ix) One Assistant Professor, to be appointed by the Vice-Chancellor; (x) Two members of the Court, none of whom shall be an employee or a student of the

University or an institution recognized by or associated with the University, to be nominated by the Visitor;

(xi) Four persons of distinction in academic and public life, to be nominated by the Visitors.

11(2) All the members of the Executive Council, other than the Vice-Chancellor, Pro-Vice-Chancellor and Deans of Schools shall hold office for term of 3 years.

11(3) Half of the total members of the Executive Council, shall form a quorum for the meeting of the Executive Council.

Dr. M.S.K. KHOKHAR, Registrar (Acting)

[ADVT-III/4/69-ZN/12/Exty.]

अधिसूचना

बिलासपुर, 11 सितम्बर, 2012

सं. 144/कु.स./2012.—परिनियम 13 में संशोधन

क्र.	वर्तमान परिनियम	संशोधित
(1)	(2)	(3)
1	13. विद्या परिषद् की बैठक के लिए विद्यापरिषद् के 9 सदस्यों से गणपूर्ति होगी।	13(1) विद्यापरिषद् में निम्नलिखित सदस्य होंगे -- (i) कुलपति; (ii) सम–कुलपति; (iii) अध्ययनशालाओं के अधिष्ठाता, (iv) शिक्षण विभाग /केन्द्र के विभागाध्यक्ष (v) विभिन्न अध्ययनशालाओं को प्रतिनिधित्व देते हुए कुलपति द्वारा नामित 05 प्रोफेसर (जो अध्ययनशालाओं के अधिष्ठाता या विभाग/केन्द्र के अध्यक्ष न हों); (vi) कुलपति द्वारा नामित 05 सह-- प्रोफेसर, जो शैक्षणिक विभाग के अध्यक्ष न हो; (vii) कुलपति द्वारा नामित 05 सहायक प्रोफेसर ; (viii) ग्रंथपाल; (ix) विद्यापरिषद् द्वारा सहयोजित शैक्षणिक प्रगति एवं विकास का विशेष ज्ञान रखने वाले 05 व्यक्ति, जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों; 13(2) अधिष्ठाता, छात्रकल्याण एवं कुलानुशासक पदेन सदस्य होंग,

IndiaCode

13(3) पदेन सदस्यों को छोड़कर विद्या परिषद् के सभी सदस्य 03 साल के लिए पद धारण करेंगे.

13(4) अध्यक्ष को छोड़कर, विद्या परिषद् के कुल सदस्यों में से आधे से विद्या परिषद् की बैठक के लिए गणपूर्ति होगी।

डॉ. एम.एस.के. खोखर, कुलसचिव (कार्यवाहक)

[विज्ञापन-III/4/69-जैडएन/12/असा.]

NOTIFICATION

Bilaspur, the 11th September, 2012

No. 144/Registrar/2012.—Amendment in Statute 13

S.No.	Existing	Amended
(1)	(2)	(3)
1	13. Nine Members of the Academic Council shall form a quorum for a meeting of the Academic Council.	13.(1) The Academic Council shall consist of the following members namely :- (i) The Vice-Chancellor; (ii) The Pro-Vice-Chancellor; (iii) Deans of Schools of Studies; (iv) Heads of Teaching Departments / Centres; (v) Five Professors (excluding those who are Deans of Schools of Studies and Heads of the Departments / Centres), to be nominated by the Vice-Chancellor, giving due regard to representation of different Schools; (vi) Five Associate Professors who are not Head of the Teaching Departments, to be appointed by the Vice-Chancellor; (vii) Five Assistant Professors, to be appointed by the Vice-Chancellor; (viii) Librarian; (ix) Five persons not in the service of the University, co-opted by the Academic Council for their special knowledge in educational progress and development; 13(2) Dean, Students welfare and Proctor shall be Ex-Officio members;

IndiaCode

13(3) All members of the Academic Council, other than the, Ex-Officio members, shall hold office for a term of three years;

13(4) Half of the total members of the Academic Council, excluding the Chairman, shall form a quorum for the meeting of the Academic Council.

Dr. M.S.K. KHOKHAR, Registrar (Acting)

[ADVT-III/4/69-ZN/12/Exty.]

IndiaCode

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.